न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

मुन्त. प्रा0/74/2017

चन्दभान पुत्र रघुवीर आयु 33 साल जाति जाट निवासी जहांगीरपुर तहसील नदबई जिला भरतपुर

.......प्रार्थी

बनाम

1– कुलदीप पुत्र बहादुर सिंह जाति जाट निवासी ढिढौरा तहसील हिन्डौन जिला करौली

2–राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार नदबई

3–सब रजिस्ट्रार लखनपुर नदबई

4–मैनेजर स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा भरतपुर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत मुन्तकिली अन्तर्गत धारा 233 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम व मुकदमें उनवानी चन्द्रभान बनाम कुलदीप वगे. दावा संख्या 141/17 एवं प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 121 आरटीएक्ट संख्या 118/17

निर्णय दिनांक 11.1.2018

प्रार्थी ने यह मुन्तकिली प्रार्थना पत्र विरुद्व अप्रार्थीयान पेश किया गया है जो संक्षेप में इस प्रकार है कि उपरोक्त उनवानी प्रकरण एसडीओ नदबई के न्यायालय में विचाराधीन है। पीठासीन अधिकारी उक्त प्रकरणों दी गई तारीख पेशी को पीछे से बदलकर नजदीक तारीख कर प्रार्थी के वकील को बुलवाकर बहस के लिये दबाब डालते हैं। अप्रार्थी न.1 ने भी कहा है कि तुम कितनी तारीख लोगे फैसला तो हमारे ही हक में होगा। पीठासीन अधिकारी द्वारा नजदीक तारीख देना एवं बहस के लिये अनावश्यक दबाब देना एवं अप्रार्थी की धमकी से जाहिर है कि प्रार्थी को वर्तमान पीठासीन अधिकारी से न्याय नहीं मिलेगा। अतः प्रकरण को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने की प्रार्थना की गई है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी की तलबी की गई तथा उपखण्ड अधिकारी नदबई से टिप्पणी तलब की गई। प्रार्थी अभिभाषक द्वारा लिखित बहस पेश की गई जो शामिल मिसिल की गई। अभिभाषक अप्रार्थी की बहस सुनी गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभय पक्ष के कथनों पर गौर किया गया। प्रार्थी द्वारा न्याय के प्रति की गई शंका को देखते हुये प्रार्थना पत्र मुन्तकिल स्वीकार किया जाना उचित पाते हैं।

.....2

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

अतः आदेश है कि :–

प्रार्थना पत्र मुन्तकिल स्वीकार किया जाता है। उपखण्ड अधिकारी नदबई के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण उनवानी चन्द्रभान बनाम कुलदीप वगे. दावा संख्या 141 / 17 एवं प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 आरटीएक्ट संख्या 118 / 17 को न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भरतपुर के यहॉ मुन्तकिल किया जाता है। निर्णय की प्रति उपखण्ड अधिकारी,नदबई / भरतपुर को प्रेषित की जावे।

निर्णय आज दिनांक 11.1.2018 को लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ.एन.के.गुप्ता)
जिला कलक्टर
भरतपुर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official